CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com | Email-uttaranchaldeep@gmail.com

नवमं सिद्धिदात्री

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 5:48 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 6:10 बजे

सांध्य दैनिक

उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 109 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 19 अक्टूबर 2026

मां, तू सिद्धि की दाता........पेज-4 पर

News कॉर्नर

एक माह से लापता है युवक, बंद मिला मोबाइल, परिजनों की बढ़ी चिंता

हल्द्वानी। एक माह पहले गांव जाने की बात कहकर निकला युवक अचानक लापता हो गया। मोबाइल फोन बंद होने और तमाम कोशिशों के बावजूद कोई जानकारी नहीं मिलने से परिजन परेशान हैं। मामले में कोतवाली मुखानी पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है। नैनीताल जिले के कोटाबाग विकासखंड के सौड़ गांव निवासी देवेन्द्र सिंह बिष्ट (27) पुत्र अनूप सिंह बिष्ट हल्द्वानी के कमलुवागांजा क्षेत्र में अधिवक्ता वीरेंद्र कुमार कपूर के यहां काम करता था। वह गिरजा विहार में किराये पर रहता था।पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि 15 सितंबर को देवेन्द्र मकान मालिक को गांव जाने की बात कहकर निकला था। उसने चार-पांच दिन में वापस लौटने की बात कही थी, लेकिन इसके बाद न तो वह घर पहुंचा और न ही उससे कोई संपर्क हो सका। उसी दिन से उसका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है। तीन दिन तक युवक का कोई सुराग नहीं मिलने पर उसके भाई संजय सिंह बिष्ट ने मुखानी कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए तहरीर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी एक माह से युवक का कोई पता नहीं चलने से परिजन परेशान हैं। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

वाहन चालकों की बैठक में कई मुद्दों पर हुआ गहन मंथन

नैनीताल । राजकीय वाहन चालक संघ वन विभाग की बैठक प्रांतीय अध्यक्ष मोहन सिंह नयाल की अध्यक्षता व दीपक चंद्र शर्मा के संचालकत्व में हुई। बैठक में वन महकमे के विभिन्न प्रभागों से आए वाहन चालकों ने अपने-अपने विचार रखे। बैठक में प्रांतीय अधिवेशन की कामयाबी को लेकर गहन मंथन किया गया। बैठक में सर्व सममति से संघ की हल्द्वानी शाखा का कार्यकाल आगामी 6 माह बढ़ाने पर सभी ने सहमति जतायी। इस मौके पर शाखा मंत्री दिनेश चंद्र टमटा समेत कई संघ के पदाधिकारी व वाहन चालक मौजूद रहे।

श्रेष्ठा 2026 का भव्य समापन- ओरियन हाउस विजेता, एक्विला उपविजेता

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

बीएलएम एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय अंतर-सदनीय प्रतियोगिता 'श्रेष्ठा 2026 उत्साह और उमंग के साथ सफल समापन हुआ। अंतिम दिन चारों सदनों के विद्यार्थियों ने समूह नृत्य, नुक्कड़ नाटक तथा थीम पर आधारित फैशन शो में अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ए.पी . वाजपेयी, सिटी मजिस्ट्रेट, हल्द्वानी ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें अनुशासन, रचनात्मक सोच, निरंतर सीखने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि सफलता केवल जीतने में नहीं, बल्कि टीम भावना, समर्पण और निरंतर प्रयासों के माध्यम से स्वयं को बेहतर बनाने में है। प्रतियोगिताओं के निष्पक्ष मूल्यांकन के लिए नेहा श्रीधर एवं अंशुल वर्मा ने समूह नृत्य प्रतियोगिता का निर्णय किया। सनवाल एवं संगीता माथुर ने नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का मूल्यांकन किया, जबकि रेनू दानी ने फेस पेंटिंग, मास्क मेकिंग एवं फैशन शो की निर्णायक मंडली में योगदान दिया। इस अवसर पर सत्र 2025-26 की कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार एवं पारितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों की उत्कृष्ट उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी सफलता के नए आयाम स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर ओरियन हाउस विजेता तथा एक्विला हाउस उपविजेता रहा। परिणाम घोषित होते ही विद्यार्थियों में खुशी और उत्साह की लहर दौड़ गई। कार्यक्रम की सफलता में विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यालय प्रबंधन का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा। 'श्रेष्ठा 2026' ने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ टीम भावना, आत्मविश्वास, रचनात्मकता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की प्रेरणा दी। बीएलएम एकेडमी परिवार सभी अतिथियों, निर्णायकों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता है। कार्यक्रम में विद्यालय की डायरेक्टर सौम्या अग्रवाल, प्रबंधक साकेत अग्रवाल, प्रधानाचार्या डॉ. गायत्री कंवर, हेड एडमिन एवं एचआर डॉ. अमर सिंह कंवर तथा वाइस प्रिंसिपल पूनम क्वात्रा सहित विद्यालय के अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

अंकिता भंडारी हत्याकांड

दुष्यंत गौतम की नियुक्ति पर बवाल, सरकार पर आरोप

देहरादून
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड के चर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर एक बार फिर राजनीति तेज हो गई है। सोमवार को दुष्यंत कुमार गौतम ने सिक्किम के राज्यपाल पद की शपथ ली। इसके बाद कांग्रेस ने भाजपा की केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। कांग्रेस का दावा है कि गौतम को राज्यपाल बनाकर राजभवन में बैठाया गया है, ताकि उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं हो सके। हालांकि, ये कांग्रेस के आरोप हैं, खबर में उनके दोषी साबित होने की बात नहीं कही गई है।

कांग्रेस महासचिव और उत्तराखंड प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि जिस व्यक्ति का नाम एक बड़े विवाद से जुड़ा है, उसे सिक्किम के राजभवन में बैठाया जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि अंकिता भंडारी को अब तक न्याय क्यों नहीं मिला। सैलजा के मुताबिक, मामले में भाजपा से जुड़े लोगों की कथित ऑडियो क्लिप सामने आई थीं और एक वीआईपी का नाम भी चर्चा में आया था। कांग्रेस का आरोप है कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने मामले के सभी पहलुओं की जांच नहीं की और कथित वीआईपी से जुड़े आरोपों पर भी पूरी पड़ताल नहीं हुई। अंकिता भंडारी उत्तराखंड के ऋषिकेश स्थित वनंतरा रिसॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट के तौर पर काम करती थीं। 18 सितंबर 2022 को उनकी हत्या कर दी गई थी। इसके चार दिन बाद उनका शव चिल्ला नहर से बरामद हुआ था। इस मामले में रिसॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य, जो भाजपा के पूर्व नेता विनोद आर्य के बेटे हैं, और उसके दो साथियों को दोषी ठहराया गया था। तीनों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई। इस हत्याकांड के बाद उत्तराखंड में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। हत्याकांड के बाद एक अज्ञात वीआईपी के कथित तौर पर मामले से जुड़े होने के आरोप सामने आए थे। अंकिता के परिवार और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस पहलू की जांच की मांग की है। इसी संदर्भ में दुष्यंत गौतम का नाम भी आरोपों के बीच उठाया गया है। कांग्रेस नेता सैलजा ने दावा किया कि जिस वीआईपी का नाम सामने आया, उससे पूछताछ नहीं की गई। उन्होंने यह भी सवाल किया कि सरकार गौतम को संरक्षण क्यों दे रही है और सीबीआई इस मामले में चुप क्यों है।

दिपके ने भाजपा से पूछा- विपक्ष में रहकर करते थे प्रदर्शन, सत्ता में आने पर आखिर डर क्यों

नई दिल्ली
एजेंसी

सीजेपी संस्थापक अभिजीत दिपके ने सीईसी के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों का बचाव करते हुए कहा है कि सरकार से सवाल पूछना अराजकता नहीं है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शनों से लोकतंत्र मजबूत होता है।

एसआईआर विवाद, सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ देशभर में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) और विपक्ष लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहा है। इस बीच राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में अव्यवस्था फैलाने और व्यापक प्रशासनिक प्रतिबंधों को लेकर सीजेपी के संस्थापक अभीजीत दिपके का बयान सामने आया है। दिपके ने अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट किया और कहा, शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों से व्यापार को नुकसान नहीं होता। नुकसान तब होता है जब सरकार पूरे शहर को बंद करने, इंटरनेट सेवाएं रोकने, अपने ही नागरिकों की आवाजाही पर पाबंदी लगाने और शहर को युद्ध क्षेत्र में बदलने का फैसला करती है। दिपके ने कहा कि शुरुआत से ही, कॉकरोच जनता पार्टी का यह मानना रहा है कि हम हमेशा गांधीजी के शांति और अहिंसा के रास्ते पर चलेंगे और हम अपने इस वादे पर कायम रहे हैं। हमने मुंबई, पुणे, जयपुर, लखनऊ, बेंगलुरु और नागपुर में विरोध प्रदर्शन किए हैं। ये सभी प्रदर्शन पूरी तरह से शांतिपूर्ण रहे हैं। जयपुर में मुझ पर हमला भी हुआ, लेकिन फिर भी मैंने कोई जवाबी कार्रवाई नहीं की, क्योंकि हिंसा का जवाब हिंसा से देना हमारे सिद्धांतों के खिलाफ है। हम शारीरिक बल का इस्तेमाल करने के बजाय, डॉ. बी. आर. अंबेडकर के नेतृत्व में तैयार किए गए संविधान द्वारा दिए गए अधिकारों का उपयोग करना बेहतर समझते हैं। हमारी ताकत संवैधानिक मूल्यों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता से आती है और कोई भी उकसावा हमें इन मूल्यों को छोड़ने के लिए मजबूर नहीं कर सकता।

फर्जी आईडी और जॉइनिंग लेटर, पुलिस में भर्ती के नाम पर ठगे रुपये

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

पुलभट्टा पुलिस ने खुद को राजस्थान पुलिस का दरोगा बताकर नौकरी का झांसा देकर ठगी करने वाले मोहम्मद जाहिद को गिरफ्तार किया।

खुद को राजस्थान पुलिस का दरोगा बताकर उत्तराखंड के युवाओं को पुलिस में भर्ती कराने के नाम पर ठगी करने वाले शातिर ठग का पर्दाफाश हुआ है। पुलभट्टा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से राजस्थान पुलिस का फर्जी आईडी कार्ड, उत्तराखंड पुलिस का फर्जी एडमिट कार्ड, फर्जी जॉइनिंग लेटर और पुलिस की एक जोड़ी वर्दी बरामद की है। थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि 17 अक्तूबर को किशनपुर, नानकमत्ता निवासी आशा देवी ने तहरीर दी थी। उन्होंने बताया कि आरोपी मोहम्मद जाहिद पुत्र मोहम्मद इस्माइल निवासी शरीफ नगर, थाना देवरनियां, जिला बरेली ने उनकी बेटी तुलसी राणा को पुलिस में भर्ती कराने का झांसा दिया। खुद को राजस्थान पुलिस में दरोगा बताकर 40 हजार रुपये ऐंठ लिए और बदले में उत्तराखंड पुलिस का फर्जी भर्ती लेटर, ट्रेनिंग लेटर, आईकार्ड और वर्दी थमा दी। आरोपी फिलहाल सरौली कला में रह रहा था। तहरीर पर थाना पुलभट्टा में प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने 18 अक्तूबर को आरोपी को दबोच लिया। उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। आशंका है कि उसने कई और युवाओं से भी इसी तरह ठगी की है।

कोतवाली के बगल में चोरी, पुलिस की चौकसी की खुली पोल

हल्द्वानी/लालकुआं
हमारे संवाददाता

जब कोतवाली के ठीक बगल में मकान सुरक्षित नहीं, तो शहर की बाकी गलियों की सुरक्षा का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। लालकुआं में थाने से महज पांच मीटर की दूरी पर चोरों ने एक घर का कुंडा तोड़कर लाखों के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। वारदात ने पुलिस की गश्त और चौकसी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हैरानी की बात यह है कि चोरों ने पुलिस के इतने करीब वारदात को अंजाम दिया और पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। वार्ड नंबर चार, आजाद नगर निवासी मोहिनी परिहार के घर को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया। वह रिश्तेदारी में आयोजित जन्मदिन समारोह में शामिल होने गई थीं और रात को घर नहीं लौटीं। इसी दौरान चोरों ने मौके का फायदा उठाया और दरवाजे का कुंडा तोड़कर घर में घुस गए। घर में रखे कीमती सामान को समेटकर चोर फरार हो गए।

मोहिनी परिहार ने पुलिस को बताया चोर दो सोने के मंगलसूत्र, जिनका कुल वजन दो तोले से अधिक बताया गया है, कान के टॉप्स, करीब आधा किलो चांदी और 22 हजार रुपये की नकदी ले गए। इसके अलावा अन्य सामान भी गायब है। चोरी गए सामान की कीमत पांच लाख रुपये से अधिक आंकी गई है। घर लौटने पर सामान बिखरा मिला तो उनके होश उड़ गए। चोरी की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ब्रजमोहन सिंह राणा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। पुलिस अब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ मुखबिर तंत्र की मदद से चोरों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। कोतवाली प्रभारी के मुताबिक, वार्ड नंबर चार में चोरी की सूचना पर जांच शुरू कर दी गई है। जल्द खुलासे का प्रयास किया जा रहा है।

पुलिस के सामने बड़ी चुनौती

मोहिनी परिहार के पति भीम सिंह वन विभाग में कार्यरत थे। उनके पुत्र वीरेंद्र परिहार वर्तमान में टांडा रेंज में डिप्टी रेंजर के पद पर तैनात हैं। कोतवाली से चंद कदम की दूरी पर हुई इस वारदात ने स्थानीय लोगों को भी हैरान कर दिया है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब थाने के ठीक बगल में चोर बेखौफ होकर घर खंगाल सकते हैं, तो आम लोगों के घरों की सुरक्षा की जिम्मेदारी कौन निभाएगा? अब देखना होगा कि पुलिस इस चुनौती को कितनी जल्दी स्वीकार कर चोरों को पकड़ती है और वारदात का खुलासा करती है।

श्री मां दुर्गा पूजा महोत्सव:धार्मिक व सांस्कृति कार्यक्रमों की मची धूम

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सर्बजनिन दुर्गा पूजा कमेटी की ओर से नैनीताल में आयोजित 70वें श्री मां दुर्गा पूजा महोत्सव के तहत रविवार को विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान हुए।

कार्यक्रम के तहत सुबह महाअष्टमी के दिन सुबह 10 से 11 बजे तक पुष्पांजलि का विशेष पूजन हुआ जबकि अपराह्न एक बजे देवी भोग के बाद देर शाम संध्या आरती और उसके बाद जीवनदायिनी नैनी झील में दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दिन में जिले के पुलिस कप्तान डा.मंजू नाथ टीसी ने सपरिवार मंदिर पहुंचकर मां दुर्गा की विशेष पूजा अर्चना कर नैनीताल,प्रदेश व देश में सुख शांति के लिए कामना की। इधर दोपहर बाद डीएसए मैदान पर बने सांस्कृतिक मंच पर स्कूली बच्चों और बाहरी शहरों से पहुंचे कलाकारों ने एक से बढ ?र एक नृत्य व गीतों की प्रस्तुति दी। राजस्थान से पहुंचे कलाकारों ने लोक नृत्य की शानदार प्रस्तुति से सम बाधा।इस दौरान

निशांत स्कूल,हरमन माइनर,अमेरिकन किड्स शारदा संघ तथा हरियाणा के कलाकारों के साथ ही पिथौरागढ़ के कलाकार, मथुरा के कलाकारों व जम्मू कश्मीर के कलाकारों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान सर्बजनिन दुर्गा पूजा कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह फ र्त्याल, महासचिव उमेश मिश्रा समेत दिनेश भट्ट, पवन कुमार शर्मा, भास्कर बिष्ट, सुरेंद्र चौधरी, किशन अधिकारी, आलोक चौधरी,अमिता शाह, मंजू रौतेला, मीनू बुधलाकोटी, डौली भटाचार्य सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

दुर्गा पूजा:कैलाखान में हुई मां महागौरी के स्वरूप की पूजा

छावनी परिषद नैनीताल के कैला खान में चल रहे मां दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान रविवार को मां दुर्गा के आठवें स्वरुप मां महागौरी की पूजा की गई। इससे पूर्व प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में ज्योतिषाचार्य पंडित प्रकाश चंद्र जोशी के सानिध्य में छावनी परिषद के फ र्मेसिस्ट प्रकाश चन्द्र काण्डपाल ने सपत्निक ने स्वस्तिवाचन, षोडशोपचार तथा गणेश पूजन के उपरांत दुर्गा सप्तशती का पाठ किया गया। यहां उपस्थित लोगों में छावनी परिषद के अजीत कुमार, छावनी परिषद के राजेन्द्र सिंह बोरा, सेवानिवृत प्रधानाध्यापिका श्रीमती आरती कपिल समेत गर्विता कांडपाल समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।बता दें कि यह आयोजन छावनी परिषद की सीईओ सुश्री तनु जाट के नेतृत्व में किया जा रहा है। पौराणिक कथा का उल्लेख करते हुए आचार्य पंडित प्रकाश चंद्र जोशी ने बताया की पति रूप में शिव जी को प्राप्त करने के लिए महागौरी ने कठोर तपस्या की थी इसी वजह से इनका शरीर काला पड़ गया लेकिन तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने इनके शरीर को गंगा के पवित्र जल से धोकर क्रांति मय बना दिया।

नैनीताल में कांग्रेसियों ने पूर्व सीएम तिवारी को किया याद

नैनीताल । सूबे के पूर्व सीएम व विकास पुरुष स्वर्गीय पंडित नारायण दत्त तिवारी की जयंती एवं पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को नैनीताल में कांग्रेस नगर अध्यक्ष सचिन नेगी के आह्वान पर कांग्रेस नगर महामंत्री संजय कुमार के नेतृत्व में राजकीय बी.डी. पांडे जिला चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को फ ल वितरण कर उनके जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की गयी।

इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय पंडित नारायण दत्त तिवारी के जनसेवा के प्रति समर्पण, विकास कार्यों और उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश के विकास में उनके योगदान को स्मरण किया।महामंत्री संजय कुमार ने पंडित नारायण दत्त तिवारी के जीवनकाल को जनसेवा और विकास के प्रति प्रतिबद्धता का प्रेरणादायक उदाहरण बताया और साथ ही उन्होंने मरीजों के बीच फल वितरण कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना भी की।कार्यक्रम में डा. भावना भट्ट अध्यक्ष महिला कांग्रेस समेत मनोज भट्ट, अमन तिवारी, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री रईस अहमद, राजू लाल,मन मोहन सिंह कनवाल, योगेश साह ,भैय्यू सती,नरेश दुर्गापाल,रविंद्र राठौर, सिद्धार्थ टंडन, सुमित साह,अविनाश शौकिया, जुनैद अहमद सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भाजपाईयों का सेवा संकल्प अभियान रंगोली कार्यक्रम का किया विशेष आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत भाजपा की ओर से नैनीताल में रंगोली कार्यक्रम का विशेष आयोजन किया जा गया जिसमें वरिष्ठ अतिथि विमला अधिकारी जबकि मुखय अतिथि जिला उपाध्यक्ष दया किशन पोखरिया रहे।

इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष नितिन सिंह कार्की द्वारा की गयी। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक श्रीमती मीनू बुधलाकोटी, सह.संयोजक श्रीमती रश्मि सिराला समेत महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती अमीता साह समेत भरत सिंह मेहरा, श्रीमती दया बिष्ट, श्रीमती तारा राणा,श्रीमती मधु बिष्ट, श्रीमती ज्योति ढौंडियाल,आदया जायसवाल,सभासद विवेक वर्मा, श्रीमती दीपिका बिनवाल, भगवत रावत, श्रीमती हेमलता पांडे, श्रीमती मीरा बिष्ट, श्रीमती वैशाली,श्री राजू बिष्ट,श्री कैलाश मिश्रा, श्री भूपेद्र सिंह बिष्ट ,श्रीमती सुनीता, श्रीमती शान्ति रावत, श्रीमती बीना,श्री प्रकाश नौटियाल,श्री कमल जोशी,श्री गौरव हार्पर वन श्री कमल जोशी आदि मौजूद रहे।

जनित बीमारी प्रकरण: ज्योलीकोट क्षेत्र में पानी की शुद्ध आपूर्ति को लेकर लोगों की बढ़ी चिंता

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड के तहत दूषित जल जनित बीमारी की चपेट में आये ज्योलीकोट क्षेत्र के कई गांवों में शुद्ध जलापूर्ति के लिये हाल में निर्मित नलकूप का पानी पीने योग्य नहीं है, जिससे स्थानीय लोगों में क्षेत्र में पानी की शुद्ध आपूर्ति को लेकर चिंता और बढ़ गई है।

उत्तराखण्ड जल संस्थान के मुखय महाप्रबंधक डी.के. सिंह ने नैनीताल जनपद के ग्राम सभा बेलुवाखान के तोक बीरभट्टी व छीडा में हाल ही में निर्मित नए नलकूप के पानी को पेयजल के उपयोग के लिए पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया है। स्टेट लेवल वाटर क्वालिटी टेस्टिंग एंड मॉनिटरिंग लैब के मुखय केमिस्ट द्वारा 14 अक्टूबर 2026 को प्रस्तुत की गई जल गुणवत्ता जाँच रिपोर्ट के अनुसार इस नलकूप के पानी के मानक निर्धारित मानकों की सीमा से अधिक पाए गए हैं जिसके चलते इसे पीने योग्य न मानने के कड़े निर्देश दिए गए हैं। देहरादून स्थित स्टेट लेवल वाटर क्वालिटी टेस्टिंग एंड मॉनिटरिंग लैब द्वारा 13 से 14 अक्टूबर 2026 के बीच किए गए विश्लेषण में यह खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक इस पानी में कुल घुलित ठोस यानी टीटीएस की मात्रा 1240 मिलीग्राम प्रति लीटर दर्ज की गई है जो कि 500 मिलीग्राम प्रति लीटर की स्वीकार्य सीमा से काफी अधिक है। इसके अतिरिक्त पानी में सल्फेट की मात्रा 614.2 मिलीग्राम प्रति लीटर पाई गई जो तयशुदा00 200 मिलीग्राम प्रति लीटर की स्वीकार्य सीमा से बहुत ऊपर है, साथ ही कुल कठोरता 740 मिलीग्राम प्रति लीटर ,कैल्शियम 179.2 मिलीग्राम प्रति लीटर और मैग्नीशियम 70.9 मिलीग्राम प्रति लीटर पाया गया जो कि सामान्य स्वीकार्य मानकों से अधिक हैं। हालांकि बैकटीरियोलॉजिकल जाँच में कुल कॉलिफ र्म और ई कोलाई पूरी तरह से अनुपस्थित पाए गए हैं। इसके अलावा शुद्ध पानी के अन्य पैरामीटर भी टेस्ट में अस्वीकार माने गए हैं। एक तरह से यह पानी विषैले पेय की श्रेणी में है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यदि बोरिंग से निकला पानी इतना विषैला है तो क्या नैनीताल की तलहटी का पानी पीने योग्य नहीं है। इस रिपोर्ट से लोगों में कई तरह की आशंकाएं बढ़ गई हैं।

NEWS / फटाफट

कुविवि के आईटीईबी में डीएन एजूकेशन प्रो.तिवारी का हुआ स्वागत

नैनीताल । कुमाऊं विश्वविधालय नैनीताल के एजुकेशन डीन नियुक्त होने पर प्रो.ललित तिवारी का आईटीईबी में स्वागत किया गया, इस दौरान उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया गया । प्राचार्य डॉ. अशोक उप्रेती के साथ अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे । इस दौरान प्रो. तिवारी ने विद्यार्थियों के लिए बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने की बात कही । बी एड कॉलेज के प्राचार्यों ने भी प्रो. तिवारी को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया । इस अवसर पर डॉ. एस के त्रिपाठी तथा डॉ जैन आदि शामिल रहे । प्रो. तिवारी ने कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट सहित सभी का धन्यवाद किया ।

प्रकृति प्रेमी गुरुरानी ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

नैनीताल । उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष व राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान रविवार को 824वे दिन भी जारी रहा।
पौधारोपण अभियान के 824वे दिन पलेटा स्थित धूसाखान शिव मंदिर परिसर में पौधारोपण किया गया।कार्यक्रम में मन्दिर के प्रमुख पुजारी मोहन चंद्र ओली समेत उमेश कापड़ी व धीरज पानूए उपस्थित रहे।दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

बोहरागांव में घूम रहा तेंदुआ, लोगों में बढ़ी दहशत

नैनीताल । नैनीताल के समीपवर्ती बोहरागांव क्षेत्र के कोट तोक में तेंदुए की सक्रियता से ग्रामीणों में भय का माहौल है। स्थानीय लोगों के अनुसार तेंदुआ कई दिनों से दिन के समय भी घरों के आसपास दिखाई दे रहा है इससे ग्रामीणों को अपने और मवेशियों की सुरक्षा की चिंता सताने लगी है। लोगों ने वन विभाग से क्षेत्र में नियमित गश्त कराने की मांग की है। जानकारी के मुताबिक कोट तोक में आबादी के नजदीक तेंदुए की आवाजाही बनी हुई है। स्थानीय निवासी भरत बिष्ट ने बताया कि क्षेत्र के कई लोग बकरी पालन करते हैं। ऐसे में तेंदुए की लगातार मौजूदगी से बकरियों पर हमले की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों को रोजमर्रा के कामों के लिए घरों से बाहर निकलते समय भी सतर्क रहना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रखने की मांग की है ताकि किसी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

जन मिलन कार्यक्रम में सरकार की गिनाई गई कामयाबियां

नैनीताल । जन मिलन कार्यक्रम के तहत रविवार को जिले के नैनीताल विधान सभा के तहत भीमताल विकास खंड के ज्योलीकोट तथा बेलुवाखान में भाजपा के जिला कार्यकारिणी सदस्य डा.भुवन चंद्र आर्या की ओर से लोगों को भाजपा की डबल इंजन सरकार की विभिन्न योजनाओं की वृहद जानकारी देते हुए उनका अधिक से अधिक लाभ उठाने की गुजारिश की गयी। इस दौरान डा.आर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं बनायी गयी हैं जिसका समाज के लोग लाभ ले रहे हैं,कहा कि बहुउद्देशीय शिविरों के माध्यम से जनता की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। उन्होंने इस दौरान जनता की समस्याएं सुनी तथा संबंधित महकमों के अफसरों से वार्ता कर उनके समाधान का आश्वासन भी दिया। इस मौकेपर आशीष आर्य,ललित साह, दया किशोर, महेश चंद्र, पूरन किरौला, दान सिंह बिष्ट तथा दीवान सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

नैनीताल में यो पहाड़ फाउंडेशन ने सजाई चेरिटेबल गरबा नाइट

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल के प्रसिद्ध सीआरएसटी इंटर कॉलेज के में यो पहाड़ फ उंडेशन की ओर से भव्य श्वेरिटेबल गरबा नाइट का आयोजन बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ किया गया जिसमें क्रियोसिटी कैफे के संचालक स्नेहित रामगढ़ रोड भवाली के द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया गया है।

इससे पूर्व पारंपरिक परिधानों में सजे युवाओं और शहरवासियों ने गरबा और डांडिया की धुनों के साथ हमारी देवभूमि उत्तराखंड की लोक संस्कृति को जोड़ते हुए इस कार्यक्रम में नृत्य किया। इस सांस्कृतिक एवं सामाजिक आयोजन का मकसद त्योहार की खुशियों को साझा करने के साथ जरूरतमंदों की सहायता के लिए फं ड जुटाना रहा। गरबा नाइट के दौरान बेहतरीन नृत्य करने वाले प्रतिभागियों और सबसे आकर्षक पारंपरिक परिधान पहनने वाले विजेताओं को विशेष पुरस्कारों दिया गया। हमारी कुमाऊनी इंडस्ट्री के अभिनेता हिमाँशु आर्या एवं विशांत टमटा के द्वारा भव्य प्रस्तुतियां दी गई। यो पहाड़ फ ाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. संतोख सिंह बिष्ट ने बताया कि चैरिटेबल गरबा नाइट्स का आयोजन मनोरंजन के साथ सामाजिक कार्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम में 400 से अधिक लोग शामिल हुए।आयोजन से प्राप्त धनराशि जरूरतमंद बच्चों को किताबें और गर्म कपड़े मुहैया कराने जैसे कार्यों में खर्च की जाएगी, इस तरह के आयोजनों से लोगों को एक साथ आने, त्योहारों का आनंद लेने और समाज के प्रति अपनी जिममेदारी निभाने का मौका मिलता है।इस दौरान यो पहाड़ फ ाउंडेशन की ओर से संरक्षक जितेंद्र मर्तोलिया, सचिव सागर सोनकर, महिला उपाध्यक्ष दीपा बिष्ट, उप सचिव शिवा बिष्ट, कोषाध्यक्ष नीरज बिष्ट, तकनीकी हेड चेतन मेहरा, दीप्ति बोरा,चंद्रकांत जोशी, लोकेश बिष्ट, हिमांशु बिष्ट, विपुल बिष्ट, अर्जुन बोरा, मनोज, आरव, गौरव, रोहित, खुशी, जया, सना, क्रिश व चंदू आदि उपस्थित थे।

नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

अभिमत

नागरिक का उत्पीड़न

जनकल्याण के विपरीत नागरिक का उत्पीड़न किया जा रहा है। नागरिकता साबित करना मुश्किल हो रहा है। दर्जनों प्रमाण-पत्र बनवाने पड़ रहे हैं। मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, विवाह पंजीकरण, स्थायी और मूल निवास प्रमाण-पत्र, जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र, पासपोर्ट, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड बनाने के लिए देशभर में संबंधित संस्थान हैं। आपसी समन्वय का अभाव और लापरवाही से करोड़ों लोग परेशान हैं।

लोकतंत्र में सरकार और विभिन्न विभागों का कार्य नेताओं, अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए सुविधा उपलब्ध कराना नहीं है। लोकतांत्रिक शासन में जनकल्याणकारी नीतियों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। जनकल्याण के विपरीत नागरिक का उत्पीड़न किया जा रहा है। नागरिकता साबित करना मुश्किल हो रहा है। दर्जनों प्रमाण-पत्र बनवाने पड़ रहे हैं। मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, विवाह पंजीकरण, स्थायी और मूल निवास प्रमाण-पत्र, जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र, पासपोर्ट, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड बनाने के लिए देशभर में संबंधित संस्थान हैं। आपसी समन्वय का अभाव और लापरवाही से करोड़ों लोग परेशान हैं। यदि प्रमाण-पत्र बनाने में नाम अथवा अन्य कोई त्रुटि संबंधित विभाग से हो जाये तो संशोधन के लिए नागरिक को दोषी ठहराकर दंडित किया जाता है। केन्द्रीय और प्रादेशिक शासन के अंतर्गत जन सेवा केन्द्र खोले गये हैं, परन्तु कारगर साबित नहीं हो रहे हैं। जन सेवा केन्द्रों को केवल पहचान के लिए प्रस्तावित नाम और अन्य विवरण को ऑनलाइन अपलोड करने तक सीमित कर दिया गया है। आधार कार्ड में संशोधन के लिए ऑनलाइन व्यवस्था होने के बावजूद पूरे शहर में मात्र दो-तीन बैंकों को अधिकृत किया गया है। आधार कार्ड से बैंक खाते, रसोई गैस, मोबाइल फोन नंबर को सम्बद्ध करके फर्जीवाड़ा दूर करने की बात कही गई थी। सरकार की कई योजनाओं का लाभ आधार कार्ड के माध्यम से प्राप्त होता है। मतदान के लिए भी आईडी के तौर पर आधार कार्ड मान्य है, लेकिन निर्वाचन आयोग का कहना है कि आधार कार्ड भारत के नागरिक होने का प्रमाण नहीं है। मतदाता सूची में नाम दर्ज कराना किसी जंग को जीतने से कम नहीं है। घर-घर जाकर मतदाता सूची का पुनरीक्षण करने की बात कही गई। हर बार चुनाव से पहले मतदाता सूची में संशोधन होता है। मतदाता पहचान पत्र बनाये जाते हैं। फिर भी लाखों लोगों के नाम मतदाता सूची में नहीं मिलते हैं। बहुत से मतदाताओं के नाम दो शहरों, दो राज्यों और दो निर्वाचन क्षेत्रों में होते हैं। बच्चे का प्राथमिक विद्यालय में प्रवेश के लिए जन्म प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए लोग स्थानीय निकाय कार्यालय के चक्कर काटते रहते हैं। डिजिटल युग में प्रमाण-पत्र के लिए कागजी प्रक्रिया की पेचीदगी से लोगों को परेशान किया जा रहा है। जनतंत्र में जन यानि नागरिक को नौकरशाही प्रताड़ित कर रही है।

अट्टहास करि गर्जा कपि बढ़ि लाग अकासा

दिन की लीला में लक्ष्मण शक्ति, हनुमान जी द्वारा संजीवनी बूटी लाना और कुंभकरण वध का मंचन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

लगभग 150 वर्ष पुरानी नगर की ऐतिहासिक प्राचीन श्री रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव अपने चरम पर रहा। लीला में एक ओर करुणा, विलाप और भक्ति का समंदर दिखा तो दूसरी ओर पराक्रम, गर्जना और भस्म होती लंका का दृश्य।

दिन की लीला में लक्ष्मण शक्ति, हनुमान जी द्वारा संजीवनी बूटी लाना और कुंभकरण वध का मंचन व्यास जी द्वारा कराया गया। दिन की रामलीला में मेघनाद के शक्ति बाण से लक्ष्मण जी मूर्छित हो जाते हैं। मूर्छित अनुज को देखकर मर्यादा पुरुषोत्तम राम का विलाप दर्शकों की आँखें नम कर देता है। रामलीला मंच पर जामवंत जी के कहने पर हनुमान जी का हिमालय से संजीवनी पर्वत लाना सबसे बड़ा आकर्षण रहा,रामलीला मैदान जय श्री राम के जयकारे से गूंज उठा। इसके बाद 6 माह सोने और 6 माह जागने वाले कुंभकरण का वध भगवान राम के बाणों से होता है। कुम्भकरण का बड़ा सा पुतला भी

जलाया गया। वहीं वृंदावन से आई श्री बृजेश्वरी लीला मंडल द्वारा रात्रि लीला हनुमान जी के नाम रही। समुद्र लांघकर सीता माता को प्रभु की निशानी मुद्रिका देना और रावण की सोने की लंका को जलाना आकर्षण का विषय रहा।अंत में रावण के अत्याचारों से दुखी विभीषण प्रभु श्रीराम की शरण में आ जाते हैं और भगवान श्री राम द्वारा विभीषण को शरणागति पर अभय दान दिया जाता है।

संचालन समिति के मीडिया प्रभारी भवानी शंकर नीरज ने बताया कि रविवार होने के कारण दर्शकों की भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए सुरक्षा व बैठने की विशेष व्यवस्था की गई । समिति के सदस्यों ने समस्त नगरवासियों से दोनों समय की लीला में सपरिवार पधार कर प्रभु श्री राम की लीला का आनंद लेने की अपील की है। व्यास पूजन डॉक्टर, नीलाम्बर भट्ट , डॉ ऊषा भट्ट, राजेश जोशी, कमल किशोर जोशी ने किया। संचालन समिति से विवेक कश्यप, पंकज कपूर, विनीत अग्रवाल , भोलानाथ केसरवानी अतुल अग्रवाल और विजय भट्टआदि ने अतिथियों का स्वागत किया।

कई संस्थाओं के कार्यकर्ताओं ने रामलीला में सेवा दी जिसमें भारत विकास परिषद हल्द्वानी शाखा, श्याम मित्र मंडल तथा वैणी सेना आदि रहीं।

बिष्ट ने राम के भजन गाकर माहौल किया भक्तिमय

नैनीताल । नगर के तल्लीताल में चल रही रामलीला के दौरान खाद्य व रसद विभाग में तैनात नैनीताल जिले के एरिया राशनिंग आफिसर सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने भगवान राम के भजन गाकर माहौल को भकतिमय बना दिया। रामलीला में मौजूद दर्शकों ने बिष्ट के भजनों का ताली बजाकर हर्षध्वनि से स्वागत किया। इससे पूर्व बिष्ट का रामलीला कमेटी परिवार की ओर से स्वागत व अभिनंदन किया गया।

चार्टन लॉज मार्ग पर बेतरतीब पार्किंग बनी परेशानी का सबब

नैनीताल । नगर के मल्लीताल के चार्टन लॉज मार्ग पर दोनों ओर बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मार्ग के दोनों ओर दर्जनों चारपहिया वाहन पार्क रहने से आवाजाही प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से सड़क किनारे खड़े वाहनों को हटवाने और नियमित कार्रवाई करने की मांग की है। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

शीशमहल रामलीला में सूर्पणखा नासिका भेदन और सीता हरण की लीला का मंचन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

शीशमहल रामलीला के मंचन का शुभारंभ मुख्य अतिथि महापौर गजराज सिंह बिष्ट एवं महिला उद्यमिता विभाग की अध्यक्ष रेनू अधिकारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। लीला का प्रारंभ सूर्पणखा के प्रसंग से हुआ, जिसमें कलाकार अमन बिष्ट ने सूर्पणखा की भूमिका निभाते हुए अपने आकर्षक नृत्य के माध्यम से भगवान श्री राम और लक्ष्मण को शादी के लिए रिझाने का प्रयास किया। इसके उपरांत, लक्ष्मण द्वारा सूर्पणखा का नासिका भेदन (नाक काटना) किया गया।

सूर्पणखा के अपमान का बदला लेने आए राक्षस खर-दूषण का श्री राम द्वारा वध किया गया, तत्पश्चात, रावण द्वारा साधु का भेष बदलकर छल से सीता माता का हरण करने और उन्हें रथ में बिठाकर लंका ले जाने के मार्मिक और जीवंत दृश्य का मंचन किया गया, जिसे देखकर दर्शक भावविभोर हो उठे,आज के मंचन में इन कलाकारों ने सूर्पनखा -

अमन बिष्ट ,राम - कृष्णा ध्यानी,लक्ष्मण - मोहित पलड़िया, सीता लक्ष्य ठाकुर,खर निर्मल सती,दूषण- राहुल जोशी ने भी शानदार अभिनय किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी जनता उपस्थित रही , अध्यक्ष मनोज तिवारी क्रिन्नी,मुख्य व्यवस्थापक गिरीश तिवारीनिर्देशक नीरज फुलारा, विनोद भट्ट,केशव दत्त बल्यूटिया, एनडी तिवारी, विक्रम डंगवाल, दिनेश फुलारा,हरीश बल्यूटिया, कमल पपने, पुष्पा संभल, मोहन अधिकारी , मनोज तिवारी, भुवन चंद तिवारी, गिरीश तिवारी, हरीश पांडे मौजूद रहे। कमेटी के मीडिया प्रभारी कमल पपने ने बताया सोमवार को बाली वध तक की लीला दिखाई जायेगी।

नैनीताल की दुर्गा पूजा महोत्सव स्ट्रार नाईट, राकेश खनवाल व मेघना चंद्रा के गीतों में झूमे दर्शक

नैनीताल । नैनीताल में चल रहे श्री मां दुर्गा पूजा महोत्सव के तहत रविवार की शाम को आयोजित स्ट्रार नाईट में लोक गायक राकेश खनवाल व मेघना चंद्रा के गीतों में दर्शक ठंड के बाद भी खूब थिरके। इस दौरान सर्वजनिन दुर्गा पूजा कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह फ र्त्याल समेत महासचिव उमेश मिश्रा, दिनेश भट्ट, पीके शर्मा, भास्कर बिष्ट, सुरेंद्र चौधरी, मंजू रौतेला,किशन अधिकारी, आलोक चौधरी, अमिता शाह, मीनू बुधलाकोटी तथा डौली भटाचार्य सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

मां पाषाण देवी मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान 21 को

नैनीताल। नैनीताल के ठंडी सड? स्थित श्री मां पाषाण देवी मंदिर के पुजारी जगदीश चंद्र भट्ट के मुताबिक 21 अकटूबर (बुधवार) को मंदिर में विविध धार्मिक अनुष्ठनों का विशेष आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सुबह 9 बजे से हवन,पूजा व पाठ जबकि अपराह्न दो बजे से सुंदरकांड पाठ के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

फिल्मी दुनिया

टाइगर पर फायरिंग: फील्ड से निकलते ही लड़के ने चलाई गोलियां

टाइगर श्रॉफ पर हुए हमले के बाद वहां मौजूद महिला ने आंखों देखा हाल बताया कि कैसे अभिनेता पर हमला हुआ, उनका ड्राइवर घायल हुआ। रविवार शाम मुंबई के जुहू में बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर जानलेवा हमला हुआ, जिसमें वे बाल-बाल बच गए। ये हमले तब हुआ जब टाइगर फुटबॉल मैच खेलने के बाद अपनी बीएमडब्ल्यू सेडान कार से बाहर आ रहे थे। सोशल मीडिया पर घटना के कई वीडियो भी सामने आए, जिसमें दो शख्स विंडशील्ड और साइड विंडो से अभिनेता की गाड़ी पर गोलियां चलाते हुए नजर आए। अब मामले की जांच क्राइम ब्रांच कर रही है। इसी बीच घटना के दौरान वहां मौजूद एक चश्मदीद महिला का बयान भी सामने आया है। बात करते हुए चश्मदीद महिला ने कहा, मेरा नाम सलमा शेख है और मैं ब्लॉग बनाती हूं। इसके लिए मैं पूरे मुंबई में घूमकर कंटेंट शूट करती हूं। रविवार का मेरा एक तय रूटीन है... पहले मैं अमिताभ, फिर टाइगर और उसके बाद अभिषेक को शूट करती हूं। आज जैसे ही फुटबॉल मैच खत्म हुआ, सब लोग शूटिंग करने लगे। मैंने टाइगर को आवाज दी, लेकिन वह कार में बैठे और चले गए। महिला ने आगे कहा, जैसे ही वे मुख्य सड़क पर पहुंचे, एक लड़के ने गोली चलानी शुरू कर दी। पहले तो सबको लगा कि शायद दिवाली के पटाखे फूट रहे हैं, लेकिन फिर कार रुकी और टाइगर तो तब तक नीचे लेट गए थे। उन्हें एक खरोंच तक नहीं आई।

बंदूक अटकने से बचे टाइगर?

टाइगर का खेल आमतौर पर 7 बजे खत्म हो जाता है और 7:05 तक वे बाहर आ जाते हैं। फिर अपने घर के लिए निकल जाते हैं। घटना से जुड़ी वीडियो में देखने को मिला कि तीन शख्स बाइक पर सवार होकर आते हैं और उनमें से दो शख्स टाइगर की गाड़ी पर बंदूक से हमला करना शुरू कर देते हैं। दोनों हमलावरों पहले दूर से अभिनेता की गाड़ी पर हमला करते हैं। फिर उनमें से एक खिड़की के करीब पहुंच जाता है, लेकिन गोली नहीं चला पाता। छठी गोली चलाने के लिए जब शख्स बिल्कुल करीब पहुंचा, तो बंदूक जाम हो गई।

कई मांगों को लेकर भवाली डिपो में गरजे रोडवेज कर्मचारी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के भवाली डिपो बस अड्डे फ रसोली स्थित पदाधिकारियों ने संयुक्त बैठक और प्रदर्शन कर अपनी मांगों को लेकर निगम प्रबंधन और राज्य सरकार को चेताया।

बैठक की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष श्री दयाल जोशी और संचालन प्रदेश उप महामंत्री श्री एलएडी पालीवाल ने की । प्रदेश व्यापी 23 अकटूबर के कार्य बहिष्कार को लेकर बैठक में मंथन किया गया तथा शाखा अध्यक्ष एवं शाखा मंत्री भवाली डिपो को जिममेदारी देकर आंदोलन के कर्मचारियों में जोश और उत्साह बढ़ाने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। यूनियन के प्रदेश व्यापी माँग पत्र में 6 सूत्रीय मांग उपनल की तरह निगम के विशेष श्रेणी, संविदा कर्मचारियों को सामान कार्य समान वेतन दिया जाए, कुंभ मेला को देखते हुऐ बस बेड़ा बढ़ाने एहर माह की सात तारीख को वेतन,लंबित भुगतान को यथा शीघ्र

चेतावनी

- सामान कार्य समान वेतन ,बस बेड़ा बढ़ाने व समय पर वेतन की उठी आवाज

दिया जाय तथा हिमाचल रोडवेज की तरह राजकीय कोष से वेतन की मांग, परिवहन निगम में एजेंसी प्रथा को समाप्त कर सभी कर्मचारियों को निगम कर्मचारी घोषित किया जाय, निगम कर्मचारियों की तरह विशेष श्रेणी तथा संविदा कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 60 प्रतिशत किया जाय, पूरे प्रदेश में कर्मचारियों ने 23 अकटूबर को एक दिवसीय कार्यबहिष्कार जबकि 3 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार किया जायेगा। इस दौरान गोपेश्वर श्रीवास्त क्षेत्रीय प्रदेश उपाध्यक्ष,प्रदेश संयुक्त मंत्री ललित प्रसाद, श्री हर्षवर्धन शाखा अध्यक्ष भवाली डिपो, प्रांतीय प्रतिनिधि श्री बीके राय एवं प्रांतीय प्रतिनिधि श्री रूप किशोर, विनोद जोशी, सुभाष गिरीश सोयाल, अमित नयाल, सुधीर कुमार सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

आस्था

***मां सिद्धिदात्री ***

नवरात्र के नौवें दिन (महानवमी) मां सिद्धिदात्री की पूजा ज्ञान, सिद्धि और मोक्ष प्राप्ति के लिए की जाती है। सुबह स्नानादि के बाद बैंगनी/जामुनी वस्त्र पहनें, माता को कमल/गुड़हल के फूल, सिंदूर, और मौसमी फल अर्पित करें। हलवा, पूरी, चने और नारियल का भोग लगाएं, सिद्धिदात्र्यै नमः का 108 बार जाप करें।

-:पूजा के लाभ:-

मां सिद्धिदात्री को सिद्धियों की देवी माना जाता है, जो भक्तों को अलौकिक शक्तियां और आध्यात्मिक पूर्णता प्रदान करती हैं। माता की कृपा से जीवन में ज्ञान, समृद्धि, और सफलता आती है, तथा धन-धान्य में वृद्धि होती है।

शारदीय नवरात्र की हार्दिक शुभकामनाएं

-:पूजा विधि:-

- सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और स्वच्छ (संभव हो तो बैंगनी या जामुनी) वस्त्र धारण करें। पूजा स्थल को गंगाजल से शुद्ध करें और व्रत का संकल्प लें।
- माता की प्रतिमा या तस्वीर को चौकी पर स्थापित करें। उन्हें गंगाजल से स्नान कराएं। कुमकुम, रोली, और अक्षत (चावल) का तिलक लगाएं।
- माता को कमल या गुड़हल का फूल बहुत प्रिय है।

सांध्य दैनिक
उत्तरांचल दीप 4
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com
● हल्द्वानी ● सोमवार ● 19 अक्टूबर 2026

नवरात्र: जय सिद्धिदात्री मां, तू सिद्धि की दाता...

हल्द्वानी

कार्यालय संवाददाता

नवरात्र की नवमी पर भक्त विधि-विधान से पूजा करते हैं, व्रत रखते हैं और मां का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं, हालांकि, बिना मां की आरती के पूजा अधूरी मानी जाती है। ऐसे में यदि आप भी नवरात्रि के अंतिम दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा कर रहे हैं, तो पूजा के बाद उनकी आरती जरूर करें।
आज यानी 19 अक्टूबर 2026 को शारदीय नवरात्र के पावन पर्व का समापन हो रहा है।
नवरात्र पर्व का नौवां और अंतिम दिन मां सिद्धिदात्री को समर्पित होता है। माना जाता है

कि मां सिद्धिदात्री भक्तों को सिद्धि और ज्ञान प्रदान करती हैं। उनकी कृपा से व्यक्ति के जीवन में सफलता, शांति और आध्यात्मिक उन्नति आती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, जो भी भक्त सच्चे मन से मां की आराधना करता है, उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं. मां सिद्धिदात्री को देवी दुर्गा का नौवां स्वरूप माना जाता है और उन्हें मोक्ष देने वाली देवी भी कहा जाता है, मान्यता है कि भगवान शिव ने भी मां सिद्धिदात्री की तपस्या कर अष्ट सिद्धियां प्राप्त की थीं। इसलिए इस दिन मां की पूजा का विशेष महत्व होता है।

नवरात्र की नवमी पर भक्त विधि-विधान से पूजा करते हैं, व्रत रखते हैं और मां का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। हालांकि, बिना मां की आरती के पूजा अधूरी मानी जाती है। ऐसे में यदि आप भी नवरात्रि के अंतिम दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा कर रहे हैं, तो पूजा के बाद उनकी आरती जरूर करें. इससे मां प्रसन्न होती हैं और अपने भक्तों को सुख, समृद्धि और सिद्धि का आशीर्वाद देती हैं।

मुख्य विन्दु

अर्थ और स्वरूप- सिद्धिदात्री का अर्थ है सिद्धियों (अलौकिक शक्तियों) को देने वाली माता। वे कमल पर विराजमान हैं और उनकी चार भुजाएं हैं, जिनमें शंख, गदा, चक्र और कमल का फूल है।
आठ सिद्धियों की स्वामिनी- शास्त्रों के अनुसार, देवी सिद्धिदात्री भक्तों को आठ मुख्य सिद्धियां (अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व) प्रदान करती हैं।
भगवान शिव को भी दिया वरदान- पौराणिक मान्यता के अनुसार, भगवान शिव ने माँ सिद्धिदात्री की कठोर तपस्या की थी, जिसके बाद उनकी कृपा से शिवजी को सिद्धियां प्राप्त हुईं और उनका आधा शरीर देवी का हो गया, जिससे वे अर्धनारीश्वर कहलाए।

News कॉर्नर

बनभूलपुरा में सट्टे का खेल, लाइन नंबर 18 में पुलिस का छापा, 9,190 रुपये के साथ खाईबाड़ गिरफ्तार

हल्द्वानी। बनभूलपुरा क्षेत्र में सट्टे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी खुलेआम सट्टे की खाईबाड़ी कर रहा था। मौके से सट्टा पर्चियां, और 9,190 रुपये की नकदी बरामद की गई है। कोतवाली प्रभारी दिनेश चन्द्र फर्त्याल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बीती रात वार्ड 25 की लाइन नंबर 18 में चेकिंग के दौरान मो. समीम पुत्र मो. उमर निवासी लाइन नंबर 17, बनभूलपुरा को पकड़ा। तलाशी में सट्टे से संबंधित सामग्री और नकदी बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली बनभूलपुरा में मुकदमा दर्ज किया है। कार्रवाई करने वाली टीम में एस आई मोनी टम्टा, कांस्टेबल लक्ष्मण राम और कांस्टेबल मो. यासीन शामिल रहे।

हादसा: तड़पता रहा युवक, एसपी सिटी ने दिखाई तत्परता, खुद पहुंचाया अस्पताल

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

कालाढूंगी में कोटाबाग रोड पर बर पुल के पास मोटरसाइकिल और स्कूटी की टक्कर में 21 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी दौरान रामनगर की ओर जा रहे एसपी सिटी हरबंस सिंह की नजर घटना पर पड़ी तो उन्होंने तत्काल मदद के लिए कदम उठाया और घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाने की व्यवस्था की।

पुलिस के अनुसार, छोटी हल्द्वानी निवासी मोहम्मद फैज (21) पुत्र मोहम्मद तूफानी मोटरसाइकिल से अपने गांव की ओर जा रहा था। बर पुल के पास सामने से आ रही स्कूटी से उसकी भिड़ंत हो गई। हादसे में फैज के चेहरे और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते

ही एसपी सिटी ने कालाढूंगी पुलिस को मौके पर बुलाया। इसके बाद घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालाढूंगी पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार कराया गया। हादसे के बाद स्कूटी चालक मौके से रवाना हो गया।

पुलिस उसकी पहचान और तलाश में जुटी है। मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

घटना

- कालाढूंगी में मोटरसाइकिल और स्कूटी की भिड़ंत, 21 वर्षीय फैज गंभीर रूप से घायल, स्कूटी चालक की तलाश में जुटी पुलिस

नैनीताल का चार्टन लॉज भूस्खलन प्रकरण फिर आर्या चर्चा में

नैनीताल

हमारे संवाददाता

राष्ट्रीय भूस्खलन जोखिम न्यूनीकरण परियोजना (एनएलआरएमपी) के तहत नैनीताल समेत प्रदेश के पांच स्थानों पर चल रहे भूस्खलन न्यूनीकरण कार्यों पर लगी अस्थायी रोक हटाने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। सचिव विनोद कुमार सुमन की ओर से जारी पत्र में संबंधित विभाग को तत्काल प्रभाव से रोक हटाने के निर्देश दिए गए हैं। इससे प्रभावित क्षेत्रों में भूस्खलन रोकथाम के कार्य दोबारा शुरू होने का रास्ता साफ हो गया है। लेकिन रोक हटने के बाद अब जमीनी विवाद चार्टन लॉज के सुरक्षा कार्य में रोड़ा बना हुआ है।

बता दें कि सितंबर 2023 में चार्टन लॉज क्षेत्र में हुए बड़े भूस्खलन में एक आवासीय भवन पूरी तरह ध्वस्त हो गया था जबकि कई अन्य भवनों को नुकसान पहुंचा था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने 22 भवनों में रहने वाले 24 परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर विस्थापित किया था। तत्काल राहत के लिए पहाड़ी पर जीआई बैग की अस्थायी सुरक्षा दीवार बनाई गई थीए लेकिन स्थायी उपचार का इंतजार बना हुआ था। घटना के बाद उत्तराखंड लैंडस्लाइड मिटिगेशन एंड मैनेजमेंट सेंटर (यूएलएमएमसी) ने क्षेत्र का विस्तृत भू.वैज्ञानिक एवं स्थलीय सर्वेक्षण कर 6.99 करोड़ रुपये की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजी थी। शासन से स्वीकृति मिलने के बाद सिंचाई विभाग को कार्यदायी संस्था नामित किया गया और टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद हरियाणा के गुरुग्राम स्थित एमएफवी जियोटेक प्राइवेट लिमिटेड को कार्य की जिमेदारी सौंपी गई। जिसके बाद क्षेत्रीय विधायक सरिता आर्य ने कार्य का उद्घाटन किया। लेकिन काम शुरू होने से पहले ही शासन से रोक लग गई। जिसके चलते काम नहीं हो पाया। दूसरी ओर एक बार फि र शासन की ओर से कार्य को हरी झंडी दिखा दी गई है। पत्र में बताया गया है कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर परियोजना के तहत किये जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति और उपयोगिता प्रमाणपत्र भेजे गए हैं।

कार्यक्र: धूमधाम से मनाई गई महाराजा अग्रसेन जयंती

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

महाराजा अग्रसेन जन्मोत्सव के उपलक्ष में श्री अग्रवाल सभा हल्द्वानी द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों का आज सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन किया गया। सर्वप्रथम सुबह अग्रसेन चौक पर माल्यार्पण और प्रसाद वितरण किया गया।

इसके पश्चात 18 गोत्रों के स्वरूप 18 जोड़ों द्वारा हवन पूजन किया गया। शाम को बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता, अग्रसेन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और बच्चों द्वारा फैंसी ड्रेस और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। जिनमें समाज की कई कुरीतियां, बेटी और बुजुर्गों की सुरक्षा जैसे विषयों को दर्शाया गया। महिला समिति द्वारा महारानी लक्ष्मीबाई की वीरता से जुड़ा एक्ट प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन दीपिंका अग्रवाल और रीता अग्रवाल द्वारा किया गया। इसके पश्चात 50 से अधिक 10वीं और 12वीं के मेधावी छात्रों और अन्य शैक्षणिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत विशिष्ट अतिथि विजय भूषण गर्ग, उपाध्यक्ष एवं कुमाऊं प्रभारी, अग्रवाल महासभा उत्तराखंड द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गयी। कार्यक्रम में 700 से अधिक अग्रवाल परिवारों ने भागीदारी करी। इस मौके पर मुख्य रूप से महामंत्री राजकुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष नीरज प्रभात गर्ग, अजय अग्रवाल, बसंत अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, आवेश गर्ग, मनोज अग्रवाल, रामकिशोर अग्रवाल, संजय गोयल, अतुल अग्रवाल, डॉ अभिषेक मित्तल, विनीत अग्रवाल आदि सदस्य उपस्थित रहे।

वीकेंड पर यातायात नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई, 45 के चालान

नैनीताल । वीकेंड पर नैनीताल में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर अंकुश लगाने के लिए यातायात पुलिस ने अभियान चलाया। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर चेकिंग कर 45 वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई।

मामले में टीएसआई हरीश सिंह फ र्त्याल ने बताया कि अभियान के दौरान कुल 45 चालान किए गए। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा।

कैलाश जोशी अध्यक्ष मधुकर बने महामंत्री

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा महानगर हल्द्वानी की नई कार्यकारिणी गठित की गयी, जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता के निर्देश पर जिला महामंत्री हर्ष वर्द्धन पांडे ने महानगर अध्यक्ष हेतु सर्वसम्मति से आलू फल आढ़ती एसोसिएशन के अध्यक्ष कैलाश जोशी को महानगर अध्यक्ष और युवा व्यापारी मधुकर बनोला को महानगर महामंत्री मनोनीत किया। जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता ने बताया कि उक्त कार्यकारिणी को 1 वर्ष का कार्यकाल दिया गया है,इस

पीरियड में नवमनोनित अध्यक्ष महामंत्री के द्वारा कार्यकारिणी का विस्तार कर सदस्यता अभियान चलाया जायेगा और एक वर्ष बाद चुनाव कराये जाएंगे। उनके मनोनयन पर प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद गोयल, चंद्रशेखर पंत, प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, नवनीत राणा, रूपेंद्र नागर, मदन फर्त्याल, हितेंद्र भसीन,पंकज कंसल, लाला जायसवाल, मुरली मुलानी, पवन जोशी, युवा जिलाध्यक्ष प्रदीप सब्बरवाल, महामंत्री शिव कपूर, कोषाध्यक्ष पवन वर्मा, कुसुम दिगारी, शांति जीना, उर्वशी बोरा, विनीता शर्मा, रेनू टंडन ग्रामीण अध्यक्ष भास्कर त्रिपाठी, महामंत्री दीपक गुरांनी सहित व्यापारियों ने बधाई दी नवमनोनित अध्यक्ष कैलाश जोशी और महामंत्री मधुकर बनोला द्वारा संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए व्यापारियों के हितों हेतु संघर्ष करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

खाकी की हिफाजत कौन करे? थाने में ही भिड़े वर्दीधारी, महिला दरोगा ने अपने ही पुलिसकर्मी पर ठोका मुकदमा!

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

जिस खाकी पर जनता की हिफाजत की जिम्मेदारी है, उसी खाकी के भीतर टकराव के गंभीर आरोप सामने आए हैं। दूसरों की सुरक्षा करने वाले पुलिसकर्मी अगर आपस में ही भिड़ने लगें तो आम आदमी की सुरक्षा का भरोसा किसके सहारे टिकेगा? महिला दरोगा की तहरीर ने पुलिस महकमे में हलचल मचा दी है। महिला दरोगा ने अपने ही विभाग के पुलिसकर्मी पर गाली-गलौज, परिवार को जान से मारने की धमकी, पीछा करने, मारपीट और सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप लगाए हैं। कोतवाली परिसर में कथित मारपीट और 17-18 मिनट तक बंधक बनाए रखने के दावे ने मामले को और गंभीर बना दिया है।

अब सवाल कार्रवाई का, महकमे की साख भी दांव पर!

मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज, मेडिकल रिपोर्ट और मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों के बयान जांच की दिशा तय कर सकते हैं। आरोप गंभीर हैं, लेकिन उनकी पुष्टिहै जांच के बाद ही होगी। सबसे बड़ा सवाल यही है कि आम नागरिकों के विवाद सुलझाने वाली पुलिस अपने ही विभाग के विवाद में कितनी तेजी और निष्पक्षता दिखाती है? क्या सीसीटीवी फुटेज सामने आएगी, क्या आरोपों की निष्पक्ष जांच होगी और क्या दोष साबित होने पर कार्रवाई होगी? फिलहाल इन सवालों के जवाब पुलिस की अगली कार्रवाई में छिपे हैं। एस एस पी मंजू नाथ टी सी का कहना है महिला दरोगा ने पूर्व में पुलिसकर्मी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने की बात कही थी लेकिन अब मुकदमा दर्ज कराया है पहले विभागीय कार्रवाई के लिए इसकी जांच महिला सीओ को सौंपी गई हैं।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अब सवाल है—जब खाकी के भीतर ही टकराव हो, तो निष्पक्ष कार्रवाई की कमान किसके हाथ में होगी?

महिला दरोगा की तहरीर के मुताबिक, 10 अक्टूबर को अनिल गिरी ने फोन कर कथित तौर पर गाली-गलौज की और उनके पति तथा काशीपुर में रह रहे बच्चों को मारने की धमकी दी। दरोगा का दावा है कि उन्होंने उसी दिन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को लिखित, मौखिक और व्हाट्सऐप के माध्यम से शिकायत दी थी। आरोप है कि अगले दिन परीक्षा ड्यूटी के दौरान भी उन्हें फोन कर धमकाया गया। महिला दरोगा ने तहरीर में यह भी कहा है कि आरोपी उन्हें तलाशते हुए आवास विकास स्थित हिमालयन स्कूल तक पहुंचा और फिर पीछा करते हुए कोतवाली परिसर में आ गया। तहरीर के अनुसार, महिला दरोगा प्रभारी निरीक्षक को घटना की जानकारी दे रही थीं, तभी आरोपी ने कथित तौर पर उनके हाथ से मोबाइल छीन लिया। इसके बाद सीसीटीएनएस कक्ष में भी उनके साथ मारपीट करने, वर्दी पकड़कर खींचने और घसीटने का आरोप लगाया गया है। महिला दरोगा का दावा है कि वहां मौजूद दो पुलिसकर्मियों ने बीच-बचाव किया और उन्हें बचाया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि करीब 17-18 मिनट तक उन्हें बाहर निकलने और अधिकारियों को सूचना देने से रोका गया।